आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 08.12.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख से उत्तराखंड सहित 7 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 125 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।

- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा की शुरुआत करेंगे।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्वालदम–वाण मोटर मार्ग को बीआरओ को सौंपने और 'अमर शहीद सैनिक मेला सवाड़' को राजकीय मेला का दर्जा देने की घोषणा की।

- केंद्र सरकार ने कहा– हवाई यात्रा संचालन तेज़ी से सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है। इंडिगो ने अब तक यात्रियों को 610 करोड़ रुपये लौटाए।

रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख से उत्तराखंड सहित 7 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 125 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इन उन्नत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से दुरस्थ गांवों और अग्रिम सैन्य ठिकानों तक अंतिम चरण तक कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे ये क्षेत्र राष्ट्रीय मुख्यधारा के और करीब आएंगे। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में मज़बूत बुनियादी ढांचे से सैन्य गतिशीलता, रसद का सुचारू परिवहन, पर्यटन और रोज़गार के अवसरों में वृद्धि और सबसे महत्वपूर्ण, विकास, लोकतंत्र और सरकार में मज़बूत विश्वास सुनिश्चित करता है।

श्री सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बीआरओ ने सीमावर्ती क्षेत्रों में जिस गति और दक्षता के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया है, उसने राष्ट्रीय विकास को नई तेजी प्रदान की है।

वंदे मातरम

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। चर्चा के लिए दस घंटे का समय निर्धारित किया गया है। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

## गोवा नाइट क्लब अग्निकांड

गोवा के अरपोरा क्षेत्र में हुए नाइट क्लब अग्निकांड को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत से दूरभाष पर बातचीत की। इस घटना में उत्तराखंड के कुछ नागरिकों के प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की गई है। श्री धामी ने गोवा सरकार से अनुरोध किया है कि प्रदेश के किसी भी प्रभावित व्यक्ति की पहचान उत्तराखंड निवासी के रूप में होती है, तो उनके परिजनों से तुरंत संपर्क स्थापित किया जाए। इस दौरान गोवा के मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सभी प्रभावितों को आवश्यक चिकित्सा और प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार गोवा प्रशासन से लगातार संपर्क में है और घटना से जुड़ी जानकारी प्राप्त होते ही आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएंगे।

## भूमि पूजन

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गढ़ी कैंट स्थित डाकरा बाजार में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 53 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से बनने वाले टपकेश्वर गढ़ी कैंट सीवर लाइन परियोजना का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करेगी और स्थानीय निवासियों को प्रदूषण व जलभराव जैसी समस्याओं से राहत दिलाएगी।

## सीएम घोषणा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्वालदम–देवाल–वाण मोटर मार्ग को नंदा देवी राजजात के आयोजन के बाद बीआरओ को सौंपने और 'अमर शहीद सैनिक मेला सवाड़' को राजकीय मेला का दर्जा देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर चमोली जिले के सवाड़ में आयोजित 18वें अमर शहीद सैनिक मेला कार्यक्रम में ये घोषणाएं की। इस दौरान उन्होंने रामपुर तोर्ती को कुमाऊं क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण को भी सरकार की प्राथमिकता बताया। पत्रकारों से बातचीत में श्री धामी ने कहा कि देश में अब तक हुए युद्धों में क्षेत्र के लोगों ने अपना पराक्रम दिखाया है।

नागर विमानन मंत्रालय

नागर विमानन मंत्रालय ने आश्वस्त किया कि घरेलू विमान सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और इंडिगो के प्रदर्शन में लगातार सुधार हो रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि उड़ान कार्यक्रम फिर से सामान्य हो रहा है। पेश है एक रिपोर्ट–––

यात्रियों के लिए कीमतों में बढ़ोतरी की रोकथाम तथा निष्पक्षता और किफायती किराए को सुनिश्चित करने के लिए हवाई किराए पर तत्काल रूप से सीमा लगाई गई है। सभी विमान कंपनियों को संशोधित किराए ढांचे का शक्ति से पालन करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त इंडिगो को रद्द या बेहद विलंबित उड़ानों के लिए रिफंड शुरू करने का निर्देश दिया गया है। एयरलाइन ने पहले ही कुल 610 करोड़ की रिफंड प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंत्रालय ने इंडिगो को व्यवधानों के कारण यात्रियों से अलग हुए सभी सामानों का पता लगाकर उन्हें 48 घंटे के भीतर वापस देने का भी निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने आश्वासन दिया है कि विमानन नेटवर्क अब पूरी तरह से सामान्य स्थिति की ओर तेजी से बढ़ रहा है और जब तक संचालन पूरी तरह से स्थिर नहीं हो जाता तब तक सुधारात्मक उपाय जारी रहेंगे।

आग

टिहरी जिले के भिलंगना और पौखाल क्षेत्र के जंगलों में बेमौसमी आग लगने से वन्य संपदा, घास, चारा आदि को काफी नुकसान हो रहा है। वनों में आग लगने से जंगली जानवर बस्तियों की ओर आ रहे हैं और इससे मानव–वन्यजीव संघर्ष बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। सेमल्थ के पूर्व प्रधान सुधीर नौटियाल ने बताया कि पहले इस मौसम में बारिश व बर्फबारी होती थी लेकिन मौसम परिवर्तन के कारण बारिश नहीं हो रही है, जिससे वनों में भी आग की घटनाएं बढ़ रही हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

गोवा के नाइट क्लब में आतिशबाजी से लगी भीषण आग में 25 लोगों की मृत्यु की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– इस दर्दनाक हादसे में उत्तराखंड के पांच युवकों समेत 25 लोग जिंदा जले।

48 जातियां एससी में शामिल करने पर प्रदेश सरकार को नोटिस– इस समाचार को हिन्दुस्तान ने पहले पेज पर प्रकाशित किया है।